https://www.mpboardonline.com

# हाई स्कूल परीक्षा 2021
## प्री बोर्ड
## हिन्दी सामान्य
## कक्षा–10

समय–3 घंटे पूर्णांक–100

निर्देश–

I. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
II. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए एक अंक निर्धारित है। 1×5×5=25
III. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक के लिए दो–दो अंक निर्धारित है शब्दसीमा 30 शब्द है। प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं शब्दसीमा 30 से 75 शब्द है।
IV. प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं शब्दसीमा 75 से 150 शब्द है।
V. प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं शब्दसीमा 120 से 150 शब्द है।
VI. प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3=10) अंक निर्धारित हैं खण्ड अ के लिए 7 ब के लिए 3 अंक शब्दसीमा 200 से 250 शब्द है।

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

1. सही विकल्प का चयन कीजिए– 1×5=5

(i) कर्मवीर कविता के रचनाकार है–
(अ) रामनरेश त्रिपाठी (ब) ऊषा वर्मा
(स) अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध (द) प्रेमभारती

(ii) सरस्वती पत्रिका के सम्पादक थे–
(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(स) महावीर प्रसाद द्विवेदी (द) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(iii) एकांकी के तत्व होते हैं –
(अ) तीन (ब) चार (स) छः (द) दो

(iv) रात्रि शब्द है –
(अ) विदेशी (ब) उर्दू (स) देशज (द) संस्कृत

(v) निम्नलिखित में से समुद्र का पर्यायवाची नहीं है –
(अ) सागर (ब) रत्नाकर (स) जलधि (द) सरिता

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्पों में से चुनकर कीजिए – 1×5=5

(i) भारत के उत्तर में ...............................पर्वत है। (हिमालय / विंध्याचल)
(ii) पिता का आदेश पाकर .........................ने वनवास स्वीकार किया। (राम / भरत)
(iii) बेला परिवार की सबसे ......................... बहू थी। (शिक्षित / धनवान)
(iv) निर्धन शब्द का पर्यायवाची ...................है। (गरीब / अनपढ़)
(v) सदाचार शब्द में .......................... संधि है। (स्वरसंधि / व्यंजनसंधि)

3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य / असत्य का चयन कर लिखिए।

(i) दादाजी हमेशा हुक्का गुड़गुड़ाते रहते है।
(ii) तनाव से उच्च रक्त चाप उत्पन्न होता है।
(iii) कर्मवीर कविता ओजगुण प्रधान है।
(iv) 'पैरो तले जमीन खिसकना' का अर्थ भूकंप आना है।
(v) खिड़की शब्द देशी भाषा का शब्द है।

https://www.mpboardonline.com

4. सही जोड़ी बनाइये– **1×5=5**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| 1. वह कौन सा देश है | अल्पज |
| 2. शबरी | डॉ. प्रेम भारती |
| 3. माटीवाली | पंडित रामनरेश त्रिपाठी |
| 4. जिसे कम ज्ञान हो | द्वंद समास |
| 5. रात–दिन | विद्यासागर नौटियाल |

5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए। **1×5=5**
   1. कवि ने कर्मवीर किसे माना है?
   2. पीड़ा दुलारने वाला किसे कहा गया है?
   3. संस्कृति से लेखक का क्या आशय है?
   4. इंडियन प्रेस में काम करते हुये द्विवेदी जी ने कौन सी पुस्तक लिखी?
   5. समास कितने प्रकार के होते है?

6. हमें दुराग्रह क्यों छोड देना चाहिए? 2 अंक

अथवा

'सूखी डाली' एकांकी में संयुक्त परिवार का प्रतीक किसे बताया गया है?

7. हास्य से कौन सा हॉर्मोंस स्त्रावित होता है? 2 अंक

अथवा

माटीवाली को लोग क्यों पहचानते थे?

8. नाटक और एकांकी में कोई तीन अंतर लिखिए। 2 अंक

अथवा

उपन्यास के कितने तत्व माने गये है ? नाम लिखिए।

9. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची लिखिए। 2 अंक

आकाश, कमल

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।

भाई, सोना, पक्षी

10. निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए। 2 अंक

सज्जन, निराला, विद्यालय, मनोरथ

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

अपराधी, निंदा, क्रय, चेतन

11. निम्नलिखित पदों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए। 2 अंक

पिताम्बर, गंगा–यमुना,

अथवा

निम्न लिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए–

i. जो कम बोलता हो।

ii. शरण में आया हुआ।

12. निम्न लिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए– 2 अंक

i. मैदान मारना

ii. पेट पूजा करना

अथवा

नीचे लिखे खण्ड में उपयुक्त विराम चिन्ह लगाइये–

ईश्वर की अपार कृपा से हमारे घर सुरिक्षित सुसंस्कृत बहू आयी है तो क्या हम अपनी मूर्खता से उसे परेशान कर देंगे तुम जाओ बेटी किसी प्रकार की चिन्ता को मन में स्थान न दो।



https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

13. निम्न लिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए– 2 अंक

i. प्रत्येक छात्र पढ़ते है।

ii. मोहन को पास होने की आशंका है।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए–

i. छात्रा गाना गा रही है (प्रश्न वाचक)

ii. राम बाजार जाता है (आज्ञावाचक)

14. तत्सम शब्द किसे कहते है? दो उदहारण लिखिए। 2 अंक

अथवा

उपसर्ग किसे कहते है?

15. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं? नाम लिखिए। 2 अंक

अथवा

हिन्दी उपन्यास सम्राट किसे कहां जाता है? उनके कोई दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

16. द्विवेदी जी को 'सरस्वती' पत्रिका में प्रकाशन करने के लिए किस तरह के प्रलोभन दिये जाते थे? इस संबंध में उनकी क्या प्रतिक्रिया होती थी। 3 अंक

अथवा

सूखी डाली का केन्द्रीय भाव लिखिए।

17. "रिक्तता मानव जीवन के लिए अभिशाप है" कथन को स्पष्ट कीजिए। 3 अंक

अथवा

"भूख मीठी कि भोजन मीठा "से लेखक का क्या आशय है?

18. "कश्मीरी जंगल में मंगल करते हैं।" समझाइये। 3 अंक

अथवा

पृथ्वी और नारी को क्षमा क्यों कहा गया है?

19. कर्मवीर मनुष्य की विशेषताऐं बताइये। 3 अंक

अथवा

कवि ने हिमालय को देश का मुकुट क्यों कहा है? 3 अंक

20. वर्षा की प्रतीक्षा सभी प्राणियों को क्यों रहती है? 3 अंक

अथवा

शबरी ने राम लक्ष्मण का सत्कार कैसे किया?

21. तुलसीदास ने परमहित किसे कहा है? 3 अंक

अथवा

कवि ने भारत को संसार का शिरोमणी क्यों कहा है?

22. बंगसंग आंदोलन का योगी अरविन्द पर क्या प्रभाव पड़ा? 4 अंक

अथवा

राजा आनंदपाल ने अपने मंत्रियों से क्या कहा और क्यों?

23. डलझील को लेखक ने कश्मीर की शान क्यों कहा है? 4 अंक

अथवा

माटीवाली का चरित्र चित्रण कीजिए।



https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

24. निम्नलिखित पद्यांश की समप्रसेग व्याख्या कीजिए– 4 अंक

भोजन–भोजन सभी एक हैं
किन्तु वही है वर भोजन
जहाँ प्रेम की धारा बहती,
और शांति का आयोजन
बेर बेर मैं इन बेरों की
शबरी करता मृहुल सराह
और बेर मुझको दो सत्वर
खाते खाते बढ़ती चाह

अथवा

मुरझाई धरती हरी हुई,
रीति गगरिया भरी हुई,
अम्बर पर बौराई बदली,
झूले पर लहराई कजली।।

25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 अंक

अथवा

सृष्टि में सूर्य, चन्द्रमा, तारे ॠृतु प्रातः संध्या आदि को नियमित रूप से आते जाते देखकर स्पष्ट हो जाता है कि सृष्टि के मूल में एक सुनियोजित व्यवस्था कार्य कर रही है ये सभी तत्व अनुशासन में बंधकर चलते हैं। यही कारण है कि उनके कार्यकालापों में किंचित मात्र भी अंतर नहीं हो पाता यह प्रकृति ही हमें अनुशासन सिखाती है। अनुशासन बंधन नहीं है। समय स्थान और परिस्थिति के अनुसार सामान्य नियम का पालन करना अनुशासन है।

i. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii. हमें अनुशासन कौन सिखाता है?

26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 अंक

''फैली खेतों में दूर तलक,
मखमल सी कोमल हरियाली
लिपटी जिससे रवि की किरणे
चाँदी की सी उजली जाली।''

i. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

ii. कवि ने हरियाली को किसके समान माना है?

iii. सूर्य की किरणों की चमक किसके समान है?

iv. उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए।

27. परीक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए। 5 अंक

अथवा

अपने विद्यालया के प्राचार्य को शुल्क मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

28. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए–7 अंक

i. कोरोना एक महामारी

ii. बलिकाशिक्षा

iii. कम्प्यूटर का उपयोग आज की आवश्यकता

iv. विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए–

i. विज्ञान के चमत्कार

ii. जीवन में खेती का महत्व

iii. जल है तो कल हैं

iv. पर्यावारण प्रदूषण

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com